# UP TGT-PGT Daily Rank Booster, Hindi Day 11

ENTRI

GET IT ON Google Play

1. **निम्नलिखित वाक्य के किस भागों में अशुद्धि है? 'आत्मा में परमात्मा निवास करती है।'**

A आत्मा में

B परमात्मा निवास

C **करती है**

D कोई अशुद्धि नहीं

ENTRI

## Solution

'आत्मा में परमात्मा निवास करती है।' अशुद्ध वाक्य है क्योंकि इसमें लिंग संबंधी त्रुटि है।

वाक्य में 'करती है' के भाग में उचित लिंग का प्रयोग नहीं है, उसके स्थान पर 'करता है' का प्रयोग उचित होगा। क्योंकि 'परमात्मा' पुल्लिंग शब्द है।

2. **‘मुखिया, दुखिया, रसिया’ में प्रत्यय है?**

A **इया**

B या

C आ

D ईया

## Solution

‘इया’ प्रत्यय है। मुख+इया=मुखिया, दुख+इया=दुखिया, रस+इया=रसिया।

यहाँ कर्तृवाचक कृदंत प्रत्यय है।

कर्तृवाचक कृदंत- क्रिया के अंत में आक, वाला, वैया, तृ, उक, अन, अंकू, आऊ, आना, आड़ी, आलू, इया, इयल, एरा, ऐत, ओड़, ओड़ा, आकू, अक्कड़, वन, वैया, सार, हार, हारा, इत्यादि प्रत्ययों के योग से कर्तृवाचक कृदंत संज्ञाएँ बनती हैं।

3. **'झूठा सच' उपन्यास की रचना किसने की?**

A प्रेमचंद

B **यशपाल**

C अमरकांत

D भीष्म साहनी

## Solution

झूठा सच (1958-60) हिन्दी के सुप्रसिद्ध कथाकार यशपाल का सर्वोत्कृष्ट एवं वृहद्काय उपन्यास है।

'वतन और देश' तथा 'देश का भविष्य' नाम से दो भागों में विभाजित इस महाकाय उपन्यास में विभाजन के समय देश में होने वाले भीषण रक्तपात एवं भीषण अव्यवस्था तथा स्वतन्त्रता के उपरान्त चारित्रिक स्खलन एवं विविध विडम्बनाओं का व्यापक फलक पर कलात्मक चित्र उकेरा गया है।

यह उपन्यास हिन्दी साहित्य के सर्वोत्तम उपन्यासों में परिगण्य माना गया है।

4. **'आधे - अधूरे' नाटक को किसने लिखा?**

A भीष्म साहनी

B भारतेंदु हरिश्चन्द्र

C जयशंकर प्रसाद

D **मोहन राकेश**

**Solution**

'आधे - अधूरे' मोहन राकेश द्वारा लिखित हिंदी का प्रसिद्ध नाटक है। यह मध्यवर्गीय जीवन पर आधारित नाटक है। इसमें तीन स्त्री पात्र हैं तथा पाँच पुरुष पात्र। इनमें से चार पुरुषों की भूमिका एक ही पुरुष पात्र निभाता है। हिंदी नाटक में यह अलग ढंग का प्रयोग है। यह पूर्णता की तलाश का नाटक है। इस नाटक को मिल का पत्थर भी कहा जाता है।

नाटक में कहानी एक परिवार के इर्द गिर्द घूमती नजर आती है जिसमे सावित्री जो कि काम काजी औरत की भूमिका में नजर आती है उसका पति महेंद्रनाथ जो कि बहुत दिन से काम काज नही कर रहा और बहुत दिन से यू ही निठल्ला पड़ा रहता है बस अपनी कमाई कमाई से घर का कुछ सामान खरीद के बहुत दिन बैठा है , घर की बड़ी लड़की बिन्नी है जो शादी शुदा है जिसने मनोज के साथ भाग कर शादी कर ली थी , छोटी लड़की किन्नी है और घर का सब से आलसी पुरुष अशोक-घर का लड़का।

5. **निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?**

A **हम जाता हूँ।**

B मैं पढता हूँ।

C तुम बोलते हो।

D तुम मेरे यार हो।

ENTRI

## Solution

'हम जाता हूँ।' अशुद्ध वाक्य रूप है।

'हम जाता हूँ' अशुद्ध वाक्य है क्योंकि इसमें सर्वनाम संबंधी त्रुटि है।

वाक्य में 'हम' के स्थान पर उचित सर्वनाम का प्रयोग नहीं है, उसके स्थान पर 'मैं' सर्वनाम प्रयुक्त होगा क्योंकि 'जाता हूँ' एकवचन क्रिया है और उसी के अनुसार एकवचन सर्वनाम का प्रयोग करना चाहिए।

6. **नामदेव का संबंध किस प्रवृत्ति से है?**

A **सगुण-निर्गुणवाद**

B सगुणवाद

C नाथपंथ

D निर्गुणवाद

## Solution

बिसोवा खेचर से दीक्षा लेने के पूर्व तक ये सगुणोपासक थे। पंढरपुर के विट्ठल (विठोबा) की उपासना किया करते थे। दीक्षा के उपरांत इनकी विट्ठलभक्ति सर्वव्यापक हो गई। महाराष्ट्रीय संत परंपरा के अनुसार इनकी निर्गुण भक्ति थी, जिसमें सगुण निर्गुण का काई भेदभाव नहीं था। उन्होंने मराठी में कई सौ अभंग और हिंदी में सौ के लगभग पद रचे हैं।

इनके पदों में हठयोग की कुंडलिनी-योग-साधना और प्रेमाभक्ति की (अपने "राम" से मिलने की) "तालाबेली" (विह्वलभावना) दोनों हैं। निर्गुणी कबीर के समान नामदेव में भी व्रत, तीर्थ आदि बाह्याडंबर के प्रति उपेक्षा तथा भगवन्नाम एवं सतगुरु के प्रति आदर भाव विद्यमान है। कबीर के पदों में यतत्र नामदेव की भावछाया दृष्टिगोचर होती है। कबीर के पूर्व नामदेव ने उत्तर भारत में निर्गुण भक्ति का प्रचार किया, जो निर्विवाद है।

7. **निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?**

A **मेरा स्वास्थ ठीक है।**

B क्या आप जाएंगे?

C राम नित्य योग करता है।

D कोयल उड़ गई।

## Solution

'मेरा स्वास्थ ठीक है।' अशुद्ध वाक्य है क्योंकि इसमें वर्तनी संबंधी त्रुटि है।

वाक्य में 'स्वास्थ' के स्थान पर 'स्वास्थ्य' शब्द प्रयुक्त होगा।

8. **‘सूर्यग्रहण अगले साल होगा‘ इस वाक्य में कौन सा काल है?**

A पूर्ण भूत काल

B **भविष्यत काल**

C पूर्ण वर्तमान काल

D संदिग्ध भूत काल

**Solution**

‘सूर्यग्रहण अगले साल होगा‘- वाक्य में ‘भविष्यत काल’ है।

भविष्यतकाल- क्रिया के जिस रूप से भविष्य में होने वाली क्रिया का पता चले उसे भविष्यतकाल की क्रिया कहते है।

जैसे - वह सब उठा ले जाएगा।

कल उसका बोरिया-बिस्तर यहाँ से उठ जाएगा।

9. **निम्न में से कौन-सा वर्ण स्पर्श संघर्षी है?**

A ह

B ट

C श

D झ

ENTRI

## Solution

जिन व्यंजनों के उच्चारण में स्पर्श का समय अपेक्षाकृत अधिक होता है और उच्चारण के बाद वाला भाग संघर्षी हो जाता है, वे स्पर्श संघर्षी कहलाते हैं।

च, छ, ज और झ स्पर्श-संघर्षी व्यंजन हैं।

10. **'छत्रसाल दशक' के रचनाकार है -**

A मतिराम

B केशवदास

C जायसी

D **भूषण**

## Solution

छत्रसाल दशक महाकवि भूषन द्वारा रचित प्रशास्तिपरक काव्य है। छत्रसाल दशक में केवल दस कवितों के अन्दर बुन्देला वीर छत्रसाल के शौर्य का वर्णन किया गया है।

इनकी सम्पूर्ण कविता वीर रस और ओज गुण से ओतप्रोत है जिसके नायक छत्रपति शिवाजी महाराज हैं और खलनायक औरंगजेब। औरंगजेब के प्रति उनका जातीय वैमनस्य न होकर शासक के रूप में उसकी अनीतियों के विरुद्ध है।

ENTRI

GET IT ON Google Play